# 7 कानूनी जानकारी

**हम सीखेंगे**

- दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली भिन्नों की समझ
- भाग की समझ बनाना
- वज़न का मापन करना (ग्राम और किलो-ग्राम)

## जानें वज़न के बारे में

**1 किलोग्राम = 1000 ग्राम**

**आधा किलोग्राम = 500 ग्राम**

**चौथाई किलोग्राम या पाव किलोग्राम = 250 ग्राम**

1. आपका वज़न कितना है? तौलें तथा लिखें। ____________
2. आपके मित्र का वज़न कितना है? ____________
3. वज़न करके लिखिए और बताइए किसका वज़न ज्यादा है– आपका या आपके मित्र का? ____________

- एक फूलगोभी का वज़न कितना होगा?





- यदि चंदा ने 1 किलोग्राम चीनी खरीदी परंतु उसको उसके वज़न से ऐसा आभास हुआ कि इसका वज़न 1 किलोग्राम नहीं है। उसने दूसरी दुकान पर जाकर चीनी तुलवाई जो कि कुल 900 ग्राम निकली। चंदा को दुकानदार ने कितनी चीनी कम दी?




- कम चीनी या कम वज़न तौलने की शिकायत आप कहाँ करेंगे?

**शिक्षक-निर्देश**— पहले वज़न के बारे में विवरण दें तथा सहभागियों को भार की इकाइयों, जैसे- किलोग्राम, ग्राम के अनुभव प्रदान कर उनकी समझ विकसित करने में मदद करें। अधिक वज़न वाली वस्तुओं का वज़न तौलने के लिए किलोग्राम का प्रयोग होता है। कम वज़न वाली वस्तुओं को तौलने के लिए ग्राम का प्रयोग होता है। किलोग्राम को कि.ग्रा. व ग्राम को ग्रा. भी लिख सकते हैं।


CWSN NCERT

- 5 कि.ग्रा. गेहूँ ₹100 में आए हैं तो 25 कि.ग्रा. गेहूँ का मूल्य कितना होगा?
- 25 कि.ग्रा. गेहूँ खरीदने के लिए आप कौन-कौन से और कितने नोट देंगे? लिखिए। ______________




## वज़न नापने के बाट

इसी तरह अधिक भारी वस्तुओं के वज़न को मापने के लिए बड़े बाट होते हैं।




## शारदा सब्ज़ी खरीदने बाज़ार गई। हिसाब लगाइए, उसने कुल कितने रुपए की सब्ज़ियाँ खरीदीं?

| क्रम | सब्ज़ी का नाम | दर (रेट) प्रति किलोग्राम | कितनी ली (मात्रा) | रुपए चुकाए (मूल्य) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आलू | 20 | 2 किलोग्राम | |
| 2 | प्याज़ | 15 | 1 किलोग्राम | |
| 3 | टमाटर | 25 | 3 किलोग्राम | |
| 4 | लौकी | 10 | आधा किलोग्राम | |
| | | | कुल रुपए | |

**शिक्षक-निर्देश**— सहभागियों को जागरूक करें कि जब वे किसी दुकान से सामान खरीदें तो दुकानदार से उसका बिल ज़रूर लें तथा इसके उपयोग पर चर्चा करें। यदि आपको लगता है कि आपने जो सामग्री खरीदी है वह निर्धारित वज़न से कम है तो आप दुकानदार से तराज़ू के सामग्री वाले पलड़े में बाट और बाट वाले पलड़े में सामग्री रखकर पुन: तौल करा सकते हैं। यदि आपको लगता है कि दुकानदार के बाट निर्धारित मानक के नहीं हैं तो आप नाप तौल विभाग के कार्यालय में इसकी शिकायत कर सकते हैं।

## ■ पढ़िए और समझिए


माँ ने एक बड़ी रोटी बनाई। उसके दो बराबर हिस्से किए। उनमें से एक हिस्से में से आधा-आधा अपने दोनों बच्चों– रजत और रानी को दिया। चित्र देखकर बताइए, किसको कितना मिला?


| | कहते हैं | पढ़ते हैं | लिखते हैं |
|---|---|---|---|
|  | 1 पूरा | पूर्ण | 1 |
|  | आधा | दो बराबर हिस्सों में से एक हिस्सा | $\frac{1}{2}$ एक बटे दो |
|  | एक चौथाई | चार बराबर हिस्सों में से एक हिस्सा | $\frac{1}{4}$ एक बटे चार |

- रोटी का कितना भाग बच गया?
- रजत ने रोटी का कितना भाग खाया?
- रानी ने रोटी का कितना भाग खाया?




### ■ यदि माँ रोटी के तीन बराबर हिस्से करती तो ऐसे बँटवारा होता-







क्या बच्चों को पहले से ज़्यादा हिस्सा मिलेगा?

1 पूर्ण $= 1$  दो तिहाई $= \frac{2}{3}$  एक तिहाई $= \frac{1}{3}$

**शिक्षक-निर्देश**— सहभागियों से ऐसे ही कई अन्य रोज़मर्रा के उदाहरण लेकर चर्चा कीजिए। कागज़ को मोड़कर और कंकड़ों की सहायता से भी बातचीत की जा सकती है। वज़न को मापने के लिए अब डिजिटल मशीनों का भी उपयोग किया जा रहा है। डिजिटल मशीनों में वज़न नापने के पहले यह निश्चित कर लेना चाहिए कि मशीन शून्य पर सेट हो। ऐसी मशीनें आस-पास कहाँ उपयोग हो रही हैं, इस पर चर्चा करें।

- **नीचे बनी तालिका में फसल का बँटवारा दिया है। कुछ जगह से लिखाई मिट गई है। तालिका भरने में सहायता कीजिए-**

| फसल | कुल पैदावार (बोरों में) | कुल पैदावार का आधा (बोरों में) | कुल पैदावार का एक चौथाई (बोरों में) |
|---|---|---|---|
| मटर | 24 | | |
| चना | 32 | | |
| गेहूँ | 40 | 20 | |
| | | | 5 |
| | 22 | | साढ़े पाँच या 5 और आधा |

- **सुंदर जी के पास 40 बीघा ज़मीन है। सुंदर जी के दो बच्चे सुशील और शीला हैं। दोनों बच्चों में जमीन का बराबर-बराबर बँटवारा हुआ। आगे चित्र में देखते हैं कि अगली पीढ़ी में ज़मीन का बँटवारा कैसे हुआ-**

40 बीघा

______ बीघा     ______ बीघा

____ बीघा   ____ बीघा   ____ बीघा   ____ बीघा   ____ बीघा   ____ बीघा

- 40 को 2 बराबर भागों में बाँटा

  $40 \div 2 =$ ____

- 20 को 4 बराबर भागों में बाँटा

  $20 \div 4 =$ ____

- 20 को 5 बराबर भागों में बाँटा

  $20 \div$ ____ $= 5$

**शिक्षक-निर्देश**— भूमि या किसी अन्य सामग्री के बराबर-बराबर बँटवारा करते हुए भाग की समझ पर चर्चा करें।